# संयुक्त राष्ट्र के महासचिवों के नाम और कार्यकाल की सूची (1945-2018)

**संयुक्त राष्ट्र क्या है?**

संयुक्त राष्ट्र एक **अंतरराष्ट्रीय संगठन** है, जिसके उद्देश्य में उल्लेख है कि यह अंतरराष्ट्रीय क़ानून को सुविधाजनक बनाने के सहयोग, अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, मानव अधिकार और विश्व शांति के लिए कार्यरत है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ हुई।

महासचिव संयुक्त राष्ट्र का सबसे प्रमुख अधिकारी होता है। इसकी नियुक्ति सुरक्षा परिषद की संस्तुति पर महासभा द्वारा 5 वर्ष के लिए की जाती है। वह दुबारा भी चुना जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र अधिकारपत्र के अनुरूप, महासचिव अपनी सहायता के लिए दक्ष, योग्य और सत्यनिष्ठ कर्मचारियों का अंतर्राष्ट्रीय समूह खुद चुनता है। संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरेश है जो पुर्तगाल के हैं, जिन्होने 1 **जनवरी 2017** को अपना कार्यकाल सँभाला है।

**संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के कर्तव्य:**

महासचिव के कर्तव्य हैं अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को सुलझाना, शांतिरक्षा कार्यों का प्रबंध करना, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करना, सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के कार्यान्वयन को जांचना और सदस्य सरकारों से बातचीत करना। 21 मार्च 2005 को, महासचिव कोफ़ी अन्नान ने सचिवालय में कई परिवर्तनों के प्रस्ताव रखे। उन्होने वैज्ञानिक सलाहकार को नियुक्त, शांतिरक्षा सहायता कार्यालय को स्थापित, निर्णय लेने के लिए मंत्रीमंडल को अनुबंधित और मध्यस्थता कार्यों को मजबूत आदि करने के इरादे घोषित किए।

**संयुक्त राष्ट्र के महासचिव की शक्तियाँ:**

महासचिव की शक्तियाँ किसी भी अन्य संयुक्त राष्ट्र अधिकारी की तुलना में अधिक होती है। वह सदस्य राष्ट्रों की सरकारों को सलाह दे सकता है तथा समस्याओं को सुलझाने में अपने पद से जुड़े प्रभाव का इस्तेमाल कर सकता है। वह संगठन की उपलब्धियों और समस्याओं से जुड़ा वार्षिक प्रतिवेदन महासभा के सामने प्रस्तुत करता है। महासचिव किसी विशेष क्षेत्र में विश्व शांति व सुरक्षा को खतरा पहुँचने वाले मामले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का ध्यान भी आकर्षित कर सकता है।

**संयुक्त राष्ट्र के महासचिवों की सूची (1945-2018):**

| **महासचिव का नाम** | **कार्यकाल अवधि** | **सम्बंधित देश** |
|---|---|---|
| ग्लेडविन जेब | 24 अक्टूबर 1945–01 फरबरी 1946 | संयुक्त राजशाही |
| ट्रीगवी ली | 02 फरवरी 1946–10 नवम्बर 1952 | नॉर्वे |
| डैग हैमरस्क्जोंल्ड | 10 अप्रैल 1953–18 सितंबर 1961 | स्वीडन |
| यू. थांट | 30 नवम्बर 1961 –31 दिसम्बर 1971 | म्यांमार |
| कुर्त वॉल्डहाइम | 01 जनवरी 1972 –31 दिसम्बर 1981 | ऑस्ट्रिया |
| ज़ेवियर पेरिज डी कुईयार | 01 जनवरी 1982–31 दिसम्बर 1991 | पेरू |
| बुतरस घाली | 01 जनवरी 1992–31 दिसम्बर 1996 | मिस्र |
| कोफ़ी अन्नान | 01 जनवरी 1997–31 दिसम्बर 2006 | घाना |
| बान की मून | 01 जनवरी 2007–31 दिसम्बर 2016 | दक्षिण कोरिया |
| एंटोनियो गुटेरेस | 01 जनवरी 2017–वर्तमान | पुर्तगाल |

**संयुक्त राष्ट्र से सम्बंधित रोचक तथ्य:**

- 73 देशों के 90 मिलियन लोगों को संयुक्त राष्ट्र भोजन (खाद्य पदार्थ) मुहैया कराता है।
- संयुक्त राष्ट्र 100 से ज्यादा देशों में जलवायु परिवर्तन व ऊर्जा बचत के लिए कार्यक्रम चला रहा है।
- 36 मिलियन शरणार्थियों को सहायता उपलब्ध करा रहा है।
- विश्व के 58 प्रतिशत भाग में टीकाकरण कार्यक्रम चला रहा है, जिससे प्रतिवर्ष 2.5 मिलियन बच्चों की जान बचाई जा रही है।
- 1,20,000 शांतिदूतों और 16 ऑपरेशन के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र 4 महाद्वीपों में शांति कायम रखने के लिए कार्यक्रम चला रहा है।
- पिछले 30 सालों में 370 मिलियन ग्रामीण गरीबों की स्थिति को संयुक्त राष्ट्र ने बेहतर बनाया है।
- प्रतिवर्ष 30 मिलियन गर्भवती महिलाओं की जान बचाने का कार्य करता है।
- संयुक्त राष्ट्र ने 80 से ज्यादा देशों को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।